# जंबलिंग
# (Jumbling)

Jumbling का शाब्दिक अर्थ - बिना क्रम के मिलाना

सामान्य रूप से इस अध्याय में दो प्रकार के प्रश्न आते हैं।

(A) Type- I (B) Type- II

**Type-I**

Type-I में सामान्यत: पांच या छ: शब्द दिए होते हैं जो आपस में किसी प्रकार से संबंधित होते हैं या उनमें आपस में कोई संबंध होता है। इन्ही संबंधों के आधार पर दिए गए शब्दों को तार्किक रूप से व्यवस्थित करना होता है।

उदाहरण-

प्रश्न-1 दिए गए चार विकल्पों में से कौन-सा विकल्प नीचे दिए शब्दों का सार्थक क्रम दर्शाता है?

(1) दूध (2) घास (3) लस्सी (4) गाय (5) दही

(a) 3,5,2,1,4 (b) 4,1,5,3,2

(c) 2,4,1,5,3 (d) 3,2,4,1,5

**उत्तर-(c)** हमें पांच शब्द को देखकर संबंध बनाना है। देखने से स्पष्ट है कि-

घास को गाय खाती है - गाय दूध देती है- दूध से दही बनती है- दही से लस्सी बनती है।

अत: विकल्प (c) 2,4, 1,5, 3 सही है।

**2. निम्नलिखित को सार्थक क्रम में व्यवस्थित करें।**

(1) लकड़ी (2) किताब (3) कारखाना (4) कागज (5) छापना

(a) 3, 1, 4, 5, 2 (b) 4, 2, 3, 1, 5

(c) 1, 3, 4, 5, 2 (d) 2, 5, 1, 3, 4

**उत्तर-(c)** दिए गए शब्दों को सार्थक क्रम में व्यवस्थित करने पर-

लकड़ी - कारखाना - कागज - छापना - किताब

1 3 4 5 2

अत: विकल्प (c) 1, 3, 4, 5, 2 सही है।

**3. निम्नलिखित को सार्थक क्रम में व्यवस्थित करें।**

(1) पौधा (2) बीज (3) पत्ती (4) फूल (5) फल

(a) 2,1,3,5,4 (b) 2,1,3,4,5

(c) 2,1,4,3,5 (d) 2,3,4, 5,1

**उत्तर-(b)** दिए गए शब्दों को सार्थक क्रम में व्यवस्थित करने पर-


बीज - पौधा - पत्ती - फूल - फल

2 1 3 4 5

अत: विकल्प (b) 2,1,3,4,5 सही है।

Type II

Type II को दो भागों में बांटा जा सकता है।




**(A) शब्दकोश के अनुसार-**

इस प्रकार के प्रश्न में हमें दिए गए विकल्प को शब्दकोश के अनुसार सही क्रम में करना होता है।

उदाहरण- शब्दकोश के अनुसार सही क्रम में क्या होगा?

(1) Foolish (2) Fanatic (3) Frigate (4) Foward (5) Fallacy

(a) 4,3,1,5,2 (b) 5,2,1,4,3

(c) 1,4,2,5,3 (d) 3,1,2,5,4

**उत्तर-(b)** शब्दकोश के अनुसार क्रमबद्ध करने पर-

Fallacy- Fanatic - Foolish - Forward - Frigate

5 2 1 4 3

अत: विकल्प (b) सही है।

**(B) क्रम व्यवस्थापन के अनुसार-**

इस प्रकार के प्रश्न में दिए गए विकल्पों में से एक विकल्प का स्थान किस स्थान पर आयेगा यह प्रश्न में पूछा जाता है।

उदाहरण-शब्दकोश क्रम में कौन-सा शब्द तीसरे स्थान पर आयेगा?

(a) Sentimentalize (b) Sententious

(c) Sentimentally (d) Sentinely

**उत्तर-(c)** इस प्रकार के प्रश्न को हल करने के लिए सर्वप्रथम विकल्प को शब्दकोश के क्रम में लिख लेते हैं उसके उपरांत पूछे

गए स्थान को बताते हैं।

Sententious, Sentimentalize, Sentimentally, Sentinely
1 2 3 4

अतः तीसरे स्थान पर प्राप्त शब्द - Sentimentally

अतः विकल्प (c) सही है।

## परीक्षापयोगी प्रश्न

**1. अंग्रेजी वर्णमाला के अनुसार शब्दकोश में तीसरा शब्द कौन-सा होगा?**

(a) Maundy (b) Mauve
(c) Mausoleum (d) Mane

**R.R.B. रांची (A.S.M.) परीक्षा, 2002**

**उत्तर (c)**

वर्णमाला क्रम में शब्द इस प्रकार होंगे–
प्रथम → Mane द्वितीय → Maundy
तृतीय → Mausoleum चतुर्थ → Mauve
अतः शब्दकोश के अनुसार तीसरा शब्द Mausoleum है।

**2. निम्नांकित शब्दों को वर्णमाला के क्रम में लगाएं और जो सबसे पहले आए उसका चयन करें–**

(a) Slander (b) Skeleton
(c) Stimulate (d) Similar

**R.R.B. भोपाल (C.C.) परीक्षा, 2003**

**उत्तर (d)**

वर्णमाला क्रम के अनुसार, शब्दों को निम्नवत रख सकते हैं–
प्रथम → Similar द्वितीय → Skeleton
तृतीय → Slander चतुर्थ → Stimulate
अतः Similar शब्द सबसे पहले आएगा।

**3. निम्नलिखित अंग्रेजी शब्दों को अंग्रेजी वर्णमाला के अनुसार, जैसा डिक्शनरी में होता है, क्रमबद्ध करने पर दूसरे नंबर पर कौन-सा शब्द आता है?**

(a) Explosion (b) Emergency
(c) Eager (d) Ecstasy

**R.R.B. बंगलौर (Asst. Driv.) परीक्षा, 2003**

**उत्तर (d)**

प्रथम → Eager द्वितीय → Ecstasy
तृतीय → Emergency चतुर्थ → Explosion
अतः दूसरे नंबर पर Ecstasy होगा।

**4. निम्नलिखित में से कौन-सा नाम टेलीफोन डायरेक्टरी में अंत में आएगा?**

(a) Vasu (b) Veena
(c) Vidhi (d) Vandana

**R.R.B. चंडीगढ़ (T.C.) परीक्षा, 2004**

**R.R.B. चेन्नई (A.S.M./T.A./C.A./G.G.) परीक्षा, 2007**

**उत्तर (c)**

डायरेक्टरी में शब्दों का क्रम निम्नवत होगा-
प्रथम → Vandana द्वितीय → Vasu
तृतीय → Veena चतुर्थ → Vidhi
अतः सबसे अंत में Vidhi शब्द आएगा।

**5. टेलीफोन डायरेक्टरी में निम्नलिखित में से कौन-सा नाम अंत में आएगा?**

(a) Seeta (b) Sikandar
(c) Sarveshwar (d) Shyam

**R.R.B. चंडीगढ़ (A.S.M.) परीक्षा, 2003**

**उत्तर (b)**

प्रथम → Sarveshwar द्वितीय → Seeta
तृतीय → Shyam चतुर्थ → Sikandar

**6. निम्नलिखित शब्दों को वर्णक्रम में लगाए और सही विकल्प का चयन करें-**

1. Technology 2. Technical
3. Technocrats 4. Technofarm 5. Technician

(a) 2, 1, 4, 3, 5 (b) 1, 2, 4, 3, 5
(c) 5, 3, 1, 4, 2 (d) 2, 5, 3, 4, 1

**R.R.B. कोलकाता, भुवनेश्वर (T.C.) परीक्षा, 2003**

**उत्तर (d)**

प्रथम → Technical → 2 द्वितीय → Technician → 5
तृतीय → Technocrats → 3 चतुर्थ → Technofarm → 4
पंचम → Technology → 1
अतः सही क्रम 2, 5, 3, 4, 1 है।

**7. नीचे दिए गए शब्दों को वर्णक्रम में रखकर सबसे अंत में आने वाले शब्द का चयन कीजिए–**

(a) Hysterology (b) Hypothesis
(c) Hypnotism (d) Hypnosis
(e) Hysteria

**R.R.B. कोलकाता (G.G.) परीक्षा, 2002**

**उत्तर (a)**

प्रथम → Hypnosis द्वितीय → Hypnotism
तृतीय → Hypothesis चतुर्थ → Hysteria
पंचम → Hysterology
अतः विकल्प (a) सही है।

**8. दिए गए शब्दों को वर्णमाला के क्रम में रखकर बताइए कि सबसे अंत में कौन-सा शब्द आएगा?**

(a) Determination (b) Destitute
(c) Detergent (d) Definite
(e) Distance

**R.R.B. भुवनेश्वर (A.S.M.) परीक्षा, 2002**

**उत्तर (e)**

वर्णमाला के क्रम में शब्द को इस प्रकार रख सकते हैं–
प्रथम → Definite    द्वितीय → Destitute
तृतीय → Detergent    चतुर्थ → Determination
पंचम → Distance
अतः सबसे अंत में Distance होगा।

**9. नीचे दिए गए शब्दों को शब्दकोश के क्रम में दर्शाना है। इस हेतु सही विकल्प चुनिए-**

(1) Tenacious (2) Terminate
(3) Temperature (4) Temple (5) Tenant

(a) 3, 4, 2, 5, 1 (b) 3, 4, 1, 5, 2
(c) 4, 3, 1, 2, 5 (c) 4, 1, 2, 5, 3

**R.R.B. भुवनेश्वर (A.S.M.) परीक्षा, 2002**

**उत्तर (b)**

उपर्युक्त शब्दों का शब्दकोश में क्रम इस प्रकार होगा–
प्रथम → Temperature (3) द्वितीय → Temple (4)
तृतीय → Tenacious (1) चतुर्थ → Tenant (5)
पंचम → Terminate (2)
अतः उपयुक्त क्रम 3, 4, 1, 5, 2 हुआ।

**10. अंग्रेजी वर्णमाला के क्रम में कौन-सा शब्द पहले आएगा?**

(a) Partition (b) Passion
(c) Parlour (c) Participate
(d) Particle

**R.R.B. भुवनेश्वर (केसिंग इंस्पे.) परीक्षा, 2005**

**उत्तर (c)**

दिए गए शब्दों में अंग्रजी वर्णमाला के क्रम में 'Parlour' शब्द सबसे पहले आएगा।

**11. निम्नलिखित को अर्थपूर्ण अनुक्रम में व्यवस्थित कीजिए-**

**1. कंधा** **2. कलाई**
**3. कुहनी** **4. हथेली**
**5. अंगुली**

(a) 2, 4, 5, 3, 1 (b) 5, 4, 2, 3, 1
(c) 3, 4, 5, 2, 1 (d) 3, 1, 4, 2, 5

**R.R.B. चंडीगढ़ (A.S.M.) परीक्षा, 2004**

**उत्तर (b)**

प्रश्नगत शब्द हाथ के भागों से संबद्ध है। अतः अभीष्ट अर्थपूर्ण अनुक्रम निम्नवत होगा-

अंगुली → हथेली → कलाई → कुहनी → कंधा
↓ ↓ ↓ ↓ ↓
5 4 2 3 1

**12. दिए हुए शब्दों को एक अर्थपूर्ण शृंखला में लगाकर सबसे सही क्रम का चुनाव कीजिए?**

**1. खिड़कियां** **2. दीवार**
**3. फर्श** **4. नींव**
**5. छत** **6. कमरा**

(a) 4, 5, 3, 2, 1, 6 (b) 4, 5, 3, 6, 2 1
(c) 4, 2, 1, 5, 3, 6 (d) 4, 1, 5, 6, 2, 3
(e) 1, 2, 3, 4, 5, 6

**R.R.B. भुवनेश्वर (केसिंग इंस्पे.) परीक्षा, 2005**

**उत्तर (c)**

कमरे के लिए सही क्रम निम्नवत हैं-

नींव दीवारें खिड़कियां छत फर्श, कमरा
↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓
4 2 1 5 3 6

अतः अभीष्ट क्रम है- 4, 2, 1, 5, 3, 6

**13. निम्नलिखित को तार्किक क्रम (Logical Order) में व्यवस्थित कीजिए-**

**(1) महाविद्यालय** **(2) शिशु**
**(3) वेतन** **(4) विद्यालय**
**(5) रोजगार**

(a) 1, 2, 3, 4, 5 (b) 2, 4, 1, 5, 3
(c) 4, 1, 3, 5, 2 (d) 2, 3, 5, 1, 4

**R.R.B. चंडीगढ़ (A.S.M.) परीक्षा, 2003**

**उत्तर (b)**

कालक्रम के अनुसार व्यवस्था निम्नलिखित होगी-
प्रथम → शिशु → 2
द्वितीय → विद्यालय → 4
तृतीय → महाविद्यालय → 1
चतुर्थ → रोजगार → 5
पंचम → वेतन → 3
∴ तार्किक क्रम ⇒ 2, 4, 1, 5, 3

**14. दिए गए शब्दों को एक तर्कसंगत क्रम में लगाकर सही क्रम का चुनाव कीजिए-**

**1. प्रोबेशन (परिवीक्षा)** **2. साक्षात्कार**
**3. चयन** **4. नियुक्ति**
**5. विज्ञापन** **6. आवेदन**

(a) 5, 6, 2, 3, 4, 1 (b) 5, 6, 3, 2, 4, 1
(c) 5, 6, 4, 2, 3, 1 (d) 6, 5, 4, 2, 3, 1

**R.R.B. भुब्नेश्वर ¼A.A./TA./E.C.R.C.½ परीक्षा, 2005**
**R.R.C. चेन्नई (ग्रुप-D) परीक्षा, 2014**
**R.R.C. अहमदाबाद (ग्रुप-D) परीक्षा, 2014**

**उत्तर (a)**

शब्दों का तर्कसंगत क्रम है& विज्ञापन → आवेदन → साक्षात्कार
(5) (6) (2)
→ चयन → नियुक्ति → प्रोबेशन।
(3) (4) (1)